<u>कार्यालय–जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,बरेली ।</u>

## विज्ञप्ति

एओडी0आर0 सेन्टर हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण (चपरासी 02 पद, चौकीदार 01 पद व सफाई कर्मी 01 पद) कुल 04 पदों पर नियत मासिक मानदेय क्रमशः 7000/–, 5000/–, व 2000/–रुपये पर अस्थाई रुप से दिनांक–28.02.2019 तक के लिये नियुक्ति जरिए आउटसोर्सिंग की जानी हैं । तद् हेतु पंजीकृत सेवा प्रदाताओं से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं । आवेदन कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली में दिनांक 10.09.2018 तक स्वीकार किये जायेंगे । उक्त पदों पर नियुक्ति हेतु. आवश्यक योग्यता, नियम व शर्तें जनपद न्यायालय बरेली की बेबसाइट https://districts.ecourts.gov.in/bareilly से डाउनलोड किया जा सकता है ।

25.08.18

( राजबीर सिंह )
जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,बरेली ।

दिनांक–25.08.2018

कार्यालय जनपद न्यायाधीश बरेली

# नियम व शर्तें

1. प्रदाता द्वारा उपलब्ध कराये गये चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण (चपरासी 02 पद, चौकीदार 01 पद व सफाई कर्मी 01 पद) कुल 04 पदों पर नियत मासिक मानदेय क्रमशः 7000/–, 5000/–, व 2000/–रुपये पर अस्थाई रुप से दिनांक–28.02.2019 तक के लिये नियुक्ति की जायेगी। नियुक्त कर्मचारीगण का मानदेय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बरेली द्वारा सेवा प्रदाता के बैक खाते में ई–पेमेंट/चैक के माध्यम से भुगतान किया जायेगा और सम्बन्धित कर्मचारी गण उक्त सेवा प्रदाता से अपने मानदेय का भुगतान प्राप्त करेंगे, सम्बन्धित कर्मचारीगण एवं प्राधिकरण के मध्य इस सम्बन्ध में कोई संव्यवहार अथवा पत्राचार नही हो सकेगा ।

उपरोक्त अस्थाई पदों पर नियुक्ति हेतु निम्नलिखित निम्नतम योग्यता होगी ।

| क्र0सं0 | | |
|---|---|---|
| | योग्यता | |
| 01 | चपरासी | कक्षा आठवीं (चार पहिया वाहन चालक को वरीयता) |
| 02 | चौकीदार | कक्षा पांच |
| 03 | सफाई कर्मी | शिक्षित |
| 04 | उम्र– उक्त पद हेतु कर्मचारियों की आयु 31 जुलाई 2018 को 18 वर्ष से कम न हो व 35 वर्ष से अधिक न हो। | |

उपरोक्त के अतिरिक्त अच्छे आचरण एवं चाल चलन वाला, आज्ञाकारी व विनम्र स्वभाव होना अनिवार्य है ।

2. सेवा प्रदाता द्वारा उपलब्ध कराये गये कर्मचारी का कोई भी अपराधिक इतिहास व कोई भी अनैतिक आचरण का कोई आरोप नही होना चाहिए ।
3. सेवा प्रदाता द्वारा उपलब्ध कराया गया कर्मचारी जनपद बरेली का मूल निवासी होना चाहिए ।
4. आवेदन निःशुल्क है ।
5. आवेदन पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायालय, बरेली में दिनांक 10.09.2018 को सायं 4 बजे तक जमा किये जा सकेंगे ।
6. सेवा प्रदाता स्वयं के व्यय पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय बरेली से 100/–रुपये के स्टाम्प पेपर पर उपरोक्त आशय का इकरारनामा निस्पादित करेगा, जिसमें नियुक्त व्यक्ति का आज्ञाकारी,विनम्र व विहित योग्यताधारक होने की जिम्मेदारी भी सेवा प्रदाता को लेनी होगी ।
7. नियुक्त कर्मचारी की सेवा संतोषजनक न पाये जाने पर किसी भी समय व स्तर पर उसकी सेवा समाप्त कर दी जायेगी ।

( राजबीर सिंह )
जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,बरेली ।

दिनांक–25.08.2018

# कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,बरेली ।

**सन्दर्भ– प्रकीर्ण आदेश संख्या– 4245/43E दिनांक– 27.08 - /2018**

विज्ञप्ति

उ0प्र0राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्रांक संख्या–956/एसएलएसए/37ए–2010 दिनांक–अप्रैल 19,2018के अनुपालन में जनपद बरेली में स्थापित ए.डी.आर.सेन्टर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली में निम्न पदों पर आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं ।

| क्र0सं0 | पदनाम | पदों की संख्या | मासिक मानदेय की धनराशि रुपये में । |
|---|---|---|---|
| 01 | तृतीय श्रेणी कर्मचारी(कनिष्ठ लिपिक) | 02 | 9000/– |
| | | | |

**शैक्षिक योग्यता–** इण्टर मीडियेट या समकक्ष, हिन्दी टंकण का ज्ञान ( 25 शब्द प्रति मिनट) अंग्रजी टंकण में कंप्यूटर का ज्ञान रखने वालों को वरीयता दी जायेगी ।

उम्र– आवेदक की आयु 31 जुलाई 2018 को 18 वर्ष से कम न हो व 35 वर्ष से अधिक न हो ।

तृतीय श्रेणी कर्मचारी (कनिष्ठ लिपिक) संविदा पदों हेतु सृजित किये गये पदों का कार्यकाल दिनांक–28.02.2019 तक होगा। आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रारुप पर अपना आवेदन समस्त औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए जनपद न्यायालय स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली के कार्यालय में दिनांक 10.09.2018 सायं 4:00 बजे तक करना होगा । नियत तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नही किया जायेगा ।

Sd
25.08.18
( राजबीर सिंह )
जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,बरेली ।

दिनांक–25.08.2018

संलग्नक– आवेदन पत्र का प्रारुप ।

1. केन्द्रीय नाजिर,जनपद न्यायालय बरेली को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वह उक्त विज्ञप्ति को नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराये ।
2. जिलाधिकारी बरेली को इस आशय से प्रेषित कि कलेक्ट्रेट व अधीनस्थ तहसीलों के नोटिस बोर्ड पर उक्त विज्ञप्ति को चस्पा कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें ।
3. सिस्टम आफीसर कम्पयूटर अनुभाग,जनपद न्यायालय बरेली को उक्त विज्ञप्ति व आवेदनपत्र का प्रारुप माननीय उच्च न्यायालय व जनपद न्यायालय बरेली की बेबसाइट पर अपलोड करने हेतु ।
4. सहायक सूचना निदेशक बरेली को इस आशय से प्रेषित की जन–साधारण की जानकारी हेतु समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराये।

कार्यालय जनपद न्यायाधीश बरेली

Sd
25.08.18
( राजबीर सिंह )
जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,बरेली ।

दिनांक–25.08.2018

**जनपद न्यायालय बरेली में स्थित ए0डी0आर0सेन्टर,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,बरेली**

**तृतीय श्रेणी कर्मचारी (कनिष्ठ लिपिक)संविदा के पदों पर नियुक्ति हेतु**
**आवेदन पत्र का प्रारुप**

आवेदित पद ..................................................................................................

1. आवेदक का नाम हिन्दी में ...............................................................
   Name in English(Block letters)--
2. आवेदक के पिता का नाम हिन्दी में ..........................................................
3. जन्म तिथि ( अंको में)...........................................
   (शब्दों में )..................................
4. आयु.................................................................
5. आवेदक का वर्तमान पता ..................................................
6. आवेदक का स्थायी पता................................................
7. आवेदक का मोबाइल नं0...................................................
8. शैक्षिक योग्यता एवं प्रमाणित प्रमाण पत्रों की छाया प्रतियां संलग्न करें
9. सामान्य जाति,पिछड़ी जाति,अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति

| क्र0सं0 | परीक्षा | बोर्ड / विश्वविद्यालय | वर्ष | श्रेणी / प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 01 | हाईस्कूल / समकक्ष | | | |
| 02 | इण्टरमीडिएट / समकक्ष | | | |
| 03 | अन्य | | | |
| 04 | अन्य | | | |

10 कंप्यूटर पर कार्य करने में सक्षम हैं ............................................
11. ऐसे कोई विशेष अर्हता जिसका उल्लेख करना चाहते हों......................

दिनांक..........................
स्थान...............................

आवेदक के हस्ताक्षर

उद्घोषणा

मैं प्रमाणित करता / करती हूँ कि उपरोक्त सभी सूचनाऐं मेरे निजी ज्ञान में सही व सत्य हैं । यदि किसी भी समय उक्त सूचनाऐं गलत या झूंठी पायी गयी ते उसकी पूर्णरुपेण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी व इस सम्बन्ध में मेरे विरूद्ध की गयी कार्यवाही मुझे स्वीकार हो। मैने आवेदन सम्बन्धी सभी नियत शर्तो का अवलोकन कर लिया है तथा वे सभी मुझे स्वीकार हैं ।

संलग्नक–

1.......................................
2..........................................
3...............................................
4.........................................
5............................................
6............................................
7.....................................

दिनांक–
स्थान–

आवेदक के हस्ताक्षर